वैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 147, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO 5 : MIDDLE

# बड़ा उलटफेर, पहले सीजन की चैंपियन जीआरएम टूर्नामेंट से बाहर

**• इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 6 में हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले**

**बरेली, अमृत विचार:** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 6 के नौवें दिन टूर्नामेंट के पहले सीजन की चैंपियन और एक बार की रनर अप रही जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एसआर इंटरनेशनल से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार को टूर्नामेंट का तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल मैच हुआ। तीसरे क्वार्टर फाइनल में एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। एसआर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 121 रन बनाए। जीआरएम टीम के सभी खिलाड़ी 15.5 ओवर में 73 रन बना कर पवेलियन लौट गए। एसआर इंटरनेशनल ने यह मैच 48 रन से जीत कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। चार खिलाड़ियों को आउट करने वाले एसआर इंटरनेशनल के पार्थ को मैन आफ द मैच चुना गया।

चौथे क्वार्टर फाइनल मैच नेशनल पब्लिक स्कूल और मुकुंद इंटरनेशनल के बीच हुआ। नेशनल पब्लिक स्कूल ने 20 ओवर में 90 रन बनाए। मुकुंद इंटरनेशनल की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन धीमा खेलने का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा और स्ट्राइक रन रेट बढ़ता गया। 21 रन से यह मैच जीत कर नेशनल पब्लिक स्कूल ने सेमी फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया। तीन विकेट लेने वाले नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रियांशु को मैन आफ द मैच चुना गया।